नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट में नशामुक्त समाज बनाने की ली शपथ

किशनगंज (आससे)। युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से बचाने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत किशनगंज की ओर से बहादुरगंज प्रखंड स्थित 10+2 रसेल हाई स्कूल में 'नशा मुक्त युवा' विषय पर नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशे को युवाओं के भविष्य, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आनंद कुमार मिश्रा थे। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सत्यम त्रिपाठी, एपीए (सेवानिवृत्त) मोहम्मद शहजाहन अंसारी, अमोद कुमार मिश्रा, विजय कुमार ठाकुर, अनिल सोरेन एवं धीरज कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। नशा और उज्ज्वल भविष्य को बर्बाद कर सकता है। ऐसे में युवाओं को नशे के प्रति जागरूक रहने के साथ-साथ अपने आसपास भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी उठानी होगी।



वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं तथा खेल, शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में अपनी ऊर्जा लगाएं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त युवा शक्ति का होना बेहद जरूरी है।

नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों पर खुलकर विचार रखने, समस्याओं को समझने और सकारात्मक बदलाव की पहल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को 'नशा मुक्त युवा' की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से स्वयं दूर रहने, दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। माय भारत किशनगंज की इस पहल ने युवाओं के बीच नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के साथ सामाजिक बदलाव में उनकी भागीदारी को भी नई दिशा देने का प्रयास किया।

जिस विद्यालय से शुरू हुआ सफर, 19 साल बाद वहीं से हुई विदाई

कुरसेला (कटिहार) आससे। प्राथमिक विद्यालय एससी टोला, कुरसेला ग्राम में सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका आरती जायसवाल के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं अन्य उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में उनके लंबे शिक्षण कार्यकाल और योगदान को याद किया गया।

आरती जायसवाल ने 9 फरवरी 2007 को इसी विद्यालय में योगदान दिया था। करीब 19 वर्षों तक उन्होंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा दी। शिक्षिका रंजीता कुमारी ने कहा कि जिस विद्यालय में योगदान दिया, उसी विद्यालय से सेवानिवृत्त होना, अपने आप में ईविशेष उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आरती जायसवाल ने अपने सरल स्वभाव, मधुर व्यवहार और बेहतर शिक्षण कार्य से विद्यार्थियों के साथ-साथ सहकर्मियों के बीच भी विशेष स्थान बनाया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नागो राम ने की। इस अवसर पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरसेला ग्राम के प्रधानाध्यापक ध्रुव नारायण, प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ललिता कुमारी, शिक्षक विक्रम कुमार, चांदनी कुमारी, प्रीतम कुमारी, नौशाद आलम, मिथुन कुमार, मौसम कुमार, नटवरलाल साह, अमीरुद्दीन अंसारी, बिट्टू कुमार एवं उपस्थित थे।समारोह के दौरान सहकर्मियों ने आरती जायसवाल के साथ बिताए गए दिनों को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल जीवन की कामना की।



विद्यालय सचिव गुंजा देवी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य विदाई के दौरान माहौल भावुक हो गया और सबने नम आंखों से उन्हें भावभीनी विदाई दी।

सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई सह सम्मान कार्यक्रम आयोजित

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। बनमनखी प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय जीवछपुर संथाल के प्रधानाध्यापक छोटेलाल टुडू और प्राथमिक विद्यालय मच्छाबाड़ी जीवछपुर के प्रधान शिक्षिका कुमारी पुष्पा के सेवानिवृत्ति के उपरांत विद्यालय शिक्षा समिति के द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उसे सम्मान पूर्वक विदाई दी गई इस मौके पर शिक्षक संघ बनमनखी के संघीय पदाधिकारी के साथ-साथ संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिका प्रधान शिक्षक ने भाग लिए जिसमें विशिष्ट आमंत्रित अतिथियों में शिक्षक संघ बनमनखी के प्रखंड उपाध्यक्ष नीतीश कुमार प्रखंड कोषाध्यक्ष पंकज कुमार संयुक्त सचिव अंजय कुमार सिंह मोहम्मद जमीर अनवर साहब संघ के वरीय सदस्य रमन कुमार सिंह पंकज कुमार बाकि के प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार प्रखंड उपाध्यक्ष मनीषी मुन्ना राज्य प्रतिनिधि राकेश कुमार रोशन जिला संगठन प्रभारी नवीन पासवान संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष तरुण कुमार पासवान पोद्दार प्रखंड संसाधन केंद्र बनमनखी के कर्मी कमलेश मिश्रा डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रकाश कुमार शर्मा हर्ष नारायण चौधरी पूर्व संकुल समन्वयक हर्षवर्धन राय संतोष कुमार ठाकुर राजीव कुमार सिंह सलमा बेगम शिक्षक पवन कुमार रजक सुनील कुमार राम रोशन कुमार चौधरी लवलेश कुमार पासवान भाई इम्तियाज आलम अभिषेक यादव मिथुन कुमार शिक्षिका रंजना कुमारी रेखा कुमारी आशा रानी तिरिसिला कुमारी पूजा कुमारी शालिनी सिंह तनु कुमारी राधा कुमारी रचना कुमारी मनीषा कुमारी आदि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष श्री कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे संकुल अंतर्गत आज दो गुरु जनों का सेवानिवृत्ति उपरांत जिस तरह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है हम सभी यहां बैठे हुए गुरुजनों से आशा और विश्वास करते हैं कि अपने करतब के प्रति जवाब दे पूर्वक कार्य करने से इसी तरह हम सभी का संवाद और विद्यालय में सम्मान के साथ समाज हमें विदाई करेंगे इन दोनों के बाकी बचे जीवन में ईश्वर सुख शांति और समृद्धि हमेशा बनाए रखें इन्हें कामनाओं के साथ हम सभी इन्हें आज भावुक होकर विदाई दे रहे हैं विद्यालय का प्रभार अरुणा कुमारी एवं अशोक कुमार चौरसिया को सोपा गया।



निजी अस्पतालों में पारदर्शिता और आर्थिक शोषण रोकने के लिए प्रभावी नियमावली बने : डॉ. आलोक राज

पूर्णिया (आससे)। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार, निजी अस्पतालों में पारदर्शिता और मरीजों के परिजनों को आर्थिक शोषण से बचाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रवक्ता डॉ. आलोक राज ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया है। उन्होंने निजी अस्पतालों के लिए प्रभावी नियमावली बनाने और मरीजों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है। डॉ. राज ने कहा कि बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में बिहार के अनेक लोगों को इलाज के लिए विवश होकर दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है, जबकि सरकार ठोस पहल करे तो बिहार में भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। उन्होंने निजी अस्पतालों में इलाज के भारी खर्च और बिलिंग व्यवस्था में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। मरीजों के परिजनों को राहत देने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होने पर परिजनों को आर्थिक राहत देने के लिए स्पष्ट नियम बनाए जाएं। इसके तहत इलाज शुल्क माफ करने और पहले से जमा राशि वापस करने की व्यवस्था लागू करने हेतु आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक पहल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी के दौरान कई परिवार कर्ज लेकर और जीवनभर की जमा-पूंजी खर्च कर इलाज कराते हैं, ऐसे में मरीज की मृत्यु के बाद परिवार पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक आईसीयू बेड के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाने, निर्धारित नियमों के तहत परिजनों को उपचार संबंधी गतिविधियां देखने की सुविधा देने तथा आवश्यकता पड़ने पर फुटेज उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही मरीज के नाम पर मंगाई जाने वाली महंगी दवाइयों और चिकित्सा सामग्री के वास्तविक उपयोग तथा उपचार संबंधी रिकॉर्ड का पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित करने की बात भी कही। चिकित्सा और जांच सेवाओं की दरें तय करने की मांग उठाते हुए डॉ. राज ने आईसीयू, सामान्य बेड, आपातकालीन उपचार और अन्य प्रमुख चिकित्सा सेवाओं की उचित दरें निर्धारित करने तथा अस्पतालों में दरों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य करने का आग्रह किया।

दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजामात : एसडीएम/ एसडीपीओ

छठ घाटों और बंगाल सीमा पर रहेगी पैनी नजर

बारसोई (कटिहार) आससे। दीपावली एवं लोकआस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बारसोई अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी



राजू कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अनुमंडल क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर अधिकारियों व थानाध्यक्षों को विशेष चौकसी बरतने के कड़े निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने असामाजिक तत्वों और शराब तस्करों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि वे अपनी हरकतों से बाज आएं, अन्यथा सीधे जेल भेजे जाएंगे।छठ घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

एसडीएम राजू कुमार ने नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार को नगर क्षेत्र के तमाम छठ घाटों पर व्यापक साफ-सफाई और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का टास्क सौंपा है। इसके अलावा कदवा, आजमनगर, बारसोई एवं बलरामपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों का भौतिक निरीक्षण कर समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश जारी किए गए हैं।डीएसपी मंगलेश कुमार सिंह ने बताया कि सीमा पार से असामाजिक गतिविधियों और तस्करी पर रोक लगाने के लिए पश्चिम बंगाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त व नाकेबंदी तेज कर दी गई है। छठ घाटों पर भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए स्थानीय चौकीदारों से लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी संदिग्धों पर पैनी नजर रखेंगे।शराब तस्करों के खिलाफ चलेगा सघन अभियान। त्योहारों के मद्देनजर अवैध शराब के धंधेबाजों और तस्करों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने की अपील की है।

अधिक पटाखा रखकर बेचने वाले दुकानदार पर होगी कारवाई लाइसेंस लेना अनिवार्य

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। जिला पदाधिकारी पूर्णिया के अनुशंसा पर दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए बनमनखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सभी पदाधिकारी को सूचना पत्र के माध्यम से थाना के द्वारा पटाखा बेचने वाले को लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है इस संदर्भ में पूर्व की भांति इस बार भी लाइसेंस लेने वाले को चिन्हित कर लाइसेंस दिया जाएगा बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु को पूर्णिया जिला



पदाधिकारी के द्वारा निर्देशित प्राप्त पत्रांक सूचना के अनुसार बनमनखी में पटाखा बेचने वाले वैसे दुकानदार को 30 दिनों के अंदर पटाखा रखने का लाइसेंस निर्गत किया गया है जो की चिन्हित व्यक्ति को ही लाइसेंस दिया जाएगा वहीं बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने और रखने वाले दुकानदार होगे तो उस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है अधिक एवज में रखे किसी गोदाम , दुकान या मकान में पटाखा रखे हुए पकड़े जाएंगे तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी साथ ही बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने सभी दुकानदार को बचाव और सुरक्षा हेतु निर्देशित यंत्र रखने की सलाह दी है।

पूर्णिया में खुला किसना डायमंड एंड ज्वेलरी का शोरूम

पूर्णिया (आससे)। बिहार के पूर्णिया में किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी का नया और भव्य एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किया गया है, जो फोर्ड कंपनी चौक स्थित मेगाशॉप के बगल में स्थित है। इस नए शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया, किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर चंदन कुमार सिंह और विमल कुमार ,निलम कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस भव्य उद्घाटन के साथ ही बिहार में किसना ने अपने रिटेल विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

इस अवसर पर ग्राहकों के लिए कई आकर्षक और बंपर ऑफर्स की घोषणा की गई है। शोरूम में डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग चार्ज पर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, साथ ही केवल 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करने पर सोने की दरों के दोगुने मूल्य संरक्षण का लाभ भी मिल रहा है। इसके अलावा, पुराने सोने के बदले डायमंड ज्वेलरी खरीदने पर उसके मूल्य का 105 प्रतिशत तक का लाभ, डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित 90 प्रतिशत बायबैक और 95 प्रतिशत एक्सचेंज की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। सबसे खास बात यह है कि ग्राहक ग्रैंड लकी ड्रॉ में हिस्सा लेकर कार या स्कूटर जीतने का शानदार अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं।

हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार किसना के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है और यहां अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बिना बिहार के समर्थन और सहयोग के न तो सरकार बनती है और न ही कोई ब्रांड ऊंचाइयों को छूता है। पूर्णिया में इस एक्सक्लूसिव शोरूम का खुलना राज्य में हमारी विस्तार यात्रा का एक और अहम कदम है, और हमारा लक्ष्य हर घर किसना के विजन को साकार करते हुए हर उत्सव और हर परिवार का हिस्सा बनना है।



किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा कि पूर्णिया में इस शोरूम का खुलना कंपनी की बढ़ती उपस्थिति में एक मजबूत कड़ी है। त्योहारी और दिवाली के सीजन को देखते हुए इसका उद्देश्य ग्राहकों को हीरे और सोने के आभूषणों की बेहतरीन रेंज के साथ एक प्रीमियम शॉपिंग अनुभव कराना है। किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर चंदन कुमार सिंह और विमल कुमार ने कहा कि पूर्णिया में ब्रांड की विश्वसनीयता और उत्कृष्ट कारीगरी को लाना उनके लिए गर्व का क्षण है, जो ग्राहकों के साथ लंबे समय तक भरोसेमंद संबंध स्थापित करेगा।

किसना डायमंड एण्ड ज्वेलरी के इस नए स्टोर के मालिक चंदन कुमार सिंह ने कार्यक्रम के दौरान अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि किसना ब्रांड पूरी तरह से भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है, जो इसकी शुद्धता, दिव्यता और ग्राहकों के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूर्णिया और आसपास के जिलों के लोग इस शोरूम से पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों के बेहतरीन आभूषणों की खरीददारी का भरपूर लाभ उठाएंगे।

इस उद्घाटन समारोह को और भी अधिक आकर्षक बनाने के लिए कंपनी के अधिकारियों ने ग्राहकों के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित ज़ोनल हेड हर्ष साह और रिजनल हेड अमित कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि इस शोरूम से खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर लाया गया है। इसके तहत खरीदारी करने वाले भाग्यशाली ग्राहकों को एक कार जीतने का सुनहरा अवसर मिल रहा है, जिससे ग्राहकों में उत्साह और अधिक बढ़ गया है।

समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए किसना ने इस उद्घाटन के अवसर पर कई सामाजिक और जनहित के कार्य भी किए। कंपनी ने जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन वितरण अभियान चलाया, साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के समर्थन में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। इन पहलों के जरिए कंपनी ने सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से दोहराया है।

लिव इन रिलेशनशीप में रह रहे फाइनेंस कर्मी ने फांसी लगा की आत्महत्या

बेगूसराय ग्रामीण(आससे)। जिले में २४ वर्षीय फाइनेंस कर्मी अमश्त कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों



में कोहराम मचा हुआ है। मश्तक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मश्तक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के महेशपुर वार्ड नंबर तीन निवासी अमश्त कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, अमश्त रतनपुर थाना क्षेत्र के पिपरा वार्ड नंबर १६ में किराए के मकान में रह रहा था। बताया जाता है कि वह उसी मकान में अर्चना कुमारी नाम की युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। परिजनों के मुताबिक, अमश्त से रात करीब नौ बजे आखिरी बार बातचीत हुई थी।

उस समय तक सब कुछ सामान्य बताया जा रहा था। लेकिन अगली सुबह उसकी मौत की सूचना मिलने से परिवार के लोग स्तब्ध रह गए। परिजनों ने अमश्त की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या किए जाने की आशंका जताई है। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने मश्तक के साथ रह रही युवती अर्चना कुमारी को पूछताछ के लिए थाने ले गई है। पुलिस उससे घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी जुटा रही है। फिलहाल अमश्त कुमार की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

सीआरपीएफ जवान का गंगा घाट पर राष्ट्रीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

बरारी (कटिहार) आससे। बरारी प्रखंड के पूर्वी बारीनगर पंचायत अंतर्गत कृषि फॉर्म टोला निवासी 55 वर्षीय सीआरपीएफ के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) प्राण मोहन शर्मा का जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।गांव के लोगों में भी शोक व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राण मोहन शर्मा पूर्वी बारीनगर पंचायत के कृषि फॉर्म टोला निवासी उपेंद्र प्रसाद ठाकुर के पुत्र थे।वे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में एएसआई के पद पर कार्यरत थे।उनकी पोस्टिंग धनबाद में थी और वर्तमान में वे प्रतिनियुक्ति पर जम्मू-कश्मीर में तैनात थे।बताया जाता है कि शनिवार को ड्यूटी के दौरान अचानक उन्हें चक्कर आया और वे जमीन पर गिर पड़े।मौके पर मौजूद अन्य जवानों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए जम्मू स्थित अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।उनके असामयिक निधन से सीआरपीएफ के जवानों और परिवार के लोगों को गहरा आघात पहुंचा है।रविवार को दिवंगत जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव बरारी थाना क्षेत्र के पूर्वी बारीनगर पंचायत स्थित कृषि फॉर्म टोला लाया गया। पार्थिव शरीर पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों और शुभचिंतकों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस दौरान परिजनों की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।इसके बाद काढ़ागोला



गंगा नदी घाट पर पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिवंगत एएसआई को अंतिम सलामी दी।नम आंखों से लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।अंतिम संस्कार के दौरान बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज सीओ मनीष कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोज सिंह कुशवाहा गुड्डू चौधरी सहित दर्जनों गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

वकील के आरोप को एसडीओ ने निराधार बताया

बलिया(आससे)। बलिया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कार्यालय में तैनात एक कर्मी पर ३० हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। इस मामले को लेकर बलिया अनुमंडल व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता एहतेशाम अहमद ने अनुमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि पिछले एक महीने से अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ के नाम पर बीएनएस की धारा १६३ के तहत कार्रवाई कराने एवं मुकदमे को सीधे चालू करने के नाम पर एक कर्मी द्वारा उनके मुवक्किल के सामने ही ३० हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। अधिवक्ता के अनुसार, संबंधित मामले का डीवी नंबर ३४०/२३/०६/२०२६ है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त मामले में बलिया थाना की ओर से अब तक रिपोर्ट नहीं भेजी गई है। वहीं, दूसरे आवेदन को तीन दिनों तक एसडीओ के चेंबर में रखे जाने का भी आरोप लगाया गया है।

दूसरी ओर, बलिया के अनुमंडल पदाधिकारी अजय यादव ने अधिवक्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपने मुवक्किल के मामले में धारा १४४ के तहत तीन दिनों से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जबकि उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया था कि पुलिस की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई संभव है।

जनसुराज उम्मीदवार की जीत को शिक्षकों की जीत बताया

वीरपुर(आससे)। बिहार विधान परिषद चुनाव में दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जनसुराज समर्थित प्रत्याशी डॉ. सुरेश प्रसाद राय की जीत पर जनसुराज छौड़ाही के नेताओं और कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। मालूम हो कि २८ अक्टूबर को घोषित परिणाम में जनसुराज उम्मीदवार डॉ. सुरेश प्रसाद राय ने कांग्रेस के दिग्गज और दो बार के एमएलसी रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा को ३२४ मतों से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ ही जनसुराज का विधान परिषद में खाता खुल गया है।